Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding need to set up branches of Nationalized banks in Bhandara-Gondiya Parliamentary Constituency in Maharashtra-Laid

श्री सुनील बाबूराव मेंढे (भन्डारा-गोंदिया): मेरे लोकसभा क्षेत्र भंडारा-गोंदिया के कुछ क्षेत्रों में एक भी राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा नहीं है । ग्रामीणों, व्यापारियों तथा छात्रों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । बैंकों के डिजिटल कार्य प्रणाली के कारण कुछ मौजूदा शाखाओं में भारी मात्रा में भीड़ होती है । मैं माननीय वित्त मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि भंडारा क्षेत्र के कोंढा, तह़-पवनी, पिंपलगांव तह़-लाखनी, करडी तह़-मोहाडी में तथा गोंदिया क्षेत्र के दासगाव, आसोली, दवनीवाडा तह़- गोंदिया, वडेगाव तह़-तिरोडा सौंदड तह़-सड़क अर्जुनी और माहगाव तह़-अर्जुनी मोर क्षेत्रों में लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखाओ को खोलने के सम्बन्ध में सम्बंधित विभाग को जरूरी दिशा- निर्देश देने की कृपा करें ।

धन्यवाद ।